# राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़

## वार्षिक प्रतिवेदन

राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़
ज्योतिषा बाधते तमः

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह
## 2024-2025

**दिनांक 26 अप्रैल 2025**





मुख्य अतिथि
**माननीय कंवर सिंह यादव**
विधायक विधानसभा क्षेत्र महेन्द्रगढ़

मुख्य अतिथि
**प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा**
चेयरमैन - हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी



**प्रो. (डॉ.) पूर्णप्रभा**
प्राचार्य, एच.ई.एस.- I
(जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी, महेन्द्रगढ़)

दूरभाष : 01285-220246



# प्राचार्य का संदेश

## प्रिय विद्यार्थियों,

**आप सभी को मेरा स्नेहपूर्ण अभिवादन।**

राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ की प्राचार्या एवं राजकीय महाविद्यालय नारनौल व राजकीय शिक्षक महाविद्यालय, नारनौल के अतिरिक्त जिला उच्चत्तर शिक्षा अधिकारी, महेन्द्रगढ़ के दायित्वों का निर्वहन करते हुए, मुझे यह गर्व की अनुभूति होती है कि आप जैसे प्रतिभाशाली, संस्कारी एवं कर्तव्यनिष्ठ विद्यार्थी इस संस्थान का हिस्सा हैं।

शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि व्यक्तित्व, नैतिकता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की समझ का विकास भी है। मेरी आपसे यही अपेक्षा है कि आप शिक्षा को केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम न मानें बल्कि इसे जीवन निर्माण का साधन समझें। अपने अध्ययन के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, सामाजिक चेतना और राष्ट्र सेवा के भाव को भी आत्मसात करें।

आप सभी देश का भविष्य हैं। अनुशासन, मेहनत, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता ही आपकी सफलता की कुंजी है। महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं, छात्रवृत्तियों, एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, विज्ञान क्लब, महिला प्रकोष्ठ आदि के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को सर्वांगीण रूप से विकसित करें।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सब अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे और अपने माता-पिता, समाज तथा राष्ट्र का गौरव बढ़ाएंगे।

**सदैव आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना सहित,**



**प्रो. (डॉ.) पूर्ण प्रभा**

प्राचार्य, एच.ई.एस.- I

**राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़।**

# स्वागत एवं परिचय

# मुख्य अतिथि महोदय – शुभारम्भ समारोह

माननीय श्री कंवर सिंह यादव जी, विधायक विधानसभा क्षेत्र महेन्द्रगढ, मुख्य अतिथि शुभारम्भ समारोह, सम्माननीय प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा जी, चेयरमैन, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी, मुख्य अतिथि समापन समारोह एवं विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्राचार्यगण, अधिकारीगण, उपस्थित प्राध्यापकवृन्द, पाण्डाल में उपस्थित पत्रकार बन्धु एवं गणमान्य अतिथि तथा प्यारे विद्यार्थियों! मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की तरफ से आप सभी का अभिन्नदन करती हूँ। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के पावन अवसर पर आप महानुभाओं को मुख्य अतिथि के रूप में पाकर यह महाविद्यालय हर्ष एवं गौरव का अनुभव कर रहा है।

यद्यपि आप सभी मुख्य–अतिथियों से परिचित हैं तथापि उपस्थित प्रबुद्ध वर्ग व अपने युवा विद्यार्थियों से आपका संक्षिप्त परिचय कराना मैं अपना नैतिक कर्त्तव्य समझती हूँ।

माननीय कंवर सिंह यादव, हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के गांव खातोद के निवासी हैं। आपने अपनी प्रारंभिक शिक्षा महेंद्रगढ़ से प्राप्त की और आगे की पढ़ाई करते हुए एम.ए. अर्थशास्त्र तक शिक्षा ग्रहण की। विद्यार्थी जीवन में ही वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिक्षा वर्ग का प्रथम वर्ष सतना (मध्यप्रदेश) से पूर्ण किया। वर्ष 1996 से वे भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य के रूप में कार्यरत हैं और पार्टी के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और कर्मठता के साथ लगातार सेवा करते आ रहे हैं। माननीय कंवर सिंह यादव जी को पार्टी द्वारा अनेक जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं, जिनमें 1995 में मंडल महामंत्री, 1996 में विधानसभा प्रभारी व मंडल महामंत्री, 2004 से 2009 एवं 2013 से 2016 भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्रगढ़, 2009 से 2013 एवं 2016 से 2019 प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, 2019 के लोकसभा चुनाव में सह–प्रभारी महेन्द्रगढ़ और नांगल चौधरी विधानसभा के प्रभारी रहे। उपरोक्त राजनैतिक गतिविधियों के साथ–साथ 2018 में उन्हें चेयरमैन, सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक महेंद्रगढ़ का पदभार तथा 2024 में निदेशक, सहकारी बैंक, महेंद्रगढ़ का पदभार दिया गया। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा एवं कार्यकुशलता ने उन्हें पार्टी में एक प्रभावशाली एवं समर्पित नेता के रूप में स्थापित किया है। प्रथम बार आप सन् 2024 में महेन्द्रगढ से भारतीय जनता पार्टी की तरफ से हरियाणा विधानसभा के सदस्य के रूप में भारी जनमत प्राप्त करके निर्वाचित हुए और अपनी लोकप्रियता का परिचय दिया। आप जैसे संघर्षशील, प्रगतिशील तथा जन–कल्याण की भावना से ओत–प्रोत जुझारू नेता को अपने मध्य पाकर यह महाविद्यालय गौरवांवित महसूस कर रहा है। मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आप जैसे विलक्षण व्यक्तित्व के आगमन से इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन का संदेश मिलेगा।

अन्त में मैं ईश्वर से आपके मंगलमय, उज्ज्वल एवं सफल राजनैतिक जीवन की कामना करते हुए पुनः आपका हार्दिक अभिनन्दन एवं धन्यवाद करती हूँ।

# स्वागत एवं परिचय

# मुख्य अतिथि महोदय – समापन समारेह

## प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा

## (चेयरमैन, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी)

हम सभी के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है कि आज हमारे मध्य विराजमान हैं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के चेयरमैन प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा जी, जो शिक्षा, अनुसंधान, प्रशासन और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट व्यक्तित्व हैं। आपने न केवल हरियाणा के शिक्षा तंत्र को नवाचार और नैतिकता के साथ सशक्त बनाने में अग्रणी रहे हैं बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विद्वता और नेतृत्व क्षमता से पहचान बना चुके हैं।

प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा जी ने वर्ष 1992 में प्राणीशास्त्र (Zoology) में डॉक्टरेट (Ph.D.) की उपाधि प्राप्त की। इसके उपरांत आपने अमेरिका की North Carolina State University से गोल्ड मेडल प्राप्त कर भारत का गौरव बढ़ाया। उन्हें वहाँ की Biological Association द्वारा लाइफटाइम डिप्टी गवर्नर के सम्मान से भी अलंकृत किया गया। आप भारतीय नेमाटोलॉजिकल सोसायटी, पूसा, नई दिल्ली के आजीवन सदस्य हैं।

आपका 30 वर्षों से अधिक का शिक्षण अनुभव आपको शिक्षा जगत में एक आदर्श शिक्षक के रूप में स्थापित करता है। आपने 22 पीएच.डी. और 25 एम.फिल. शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया है तथा 45 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। आप देश के कई विश्वविद्यालयों में विषय विशेषज्ञ और शोध प्रणाली के व्याख्याता के रूप में कार्य कर चुके हैं।

प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा जी का प्रशासनिक अनुभव भी अत्यंत समृद्ध है। आप इससे पूर्व प्राचार्य, राजकीय पीजी महाविद्यालय, चरखी दादरी, जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी, चरखी दादरी, संयुक्त सचिव, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के रूप में सफल कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में आप राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के निरीक्षक के रूप में JEE, NEET, UGC-NET जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। आपने पीजी स्तर पर भी एक दशक से अधिक समय तक शिक्षण कार्य किया है।

प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा जी सामाजिक सरोकारों में भी अत्यंत सक्रिय हैं। आप 30 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं और Red Cross Society, Haryana के ब्लड डोनेशन मोटिवेटर के रूप में लखनऊ, चंडीगढ़ जैसे राष्ट्रीय मंचों पर हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। आपको गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस पर श्रेष्ठ शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही हरियाणा के महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रथम श्रेणी सनद से भी अलंकृत किया गया है।

प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा जी ने 8 मार्च 2025 को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन का कार्यभार ग्रहण किया। आपने पदभार संभालते ही मॉनिटरिंग सिस्टम को

सशक्त बनाने और बोर्ड की कार्यप्रणाली को पारदर्शीए उत्तरदायी व छात्र हितैषी बनाने की दिशा में ठोस पहल की है। आप परीक्षाओं में ग्रेस मार्क्स नीति को लेकर विशेषज्ञों से विमर्श कर रहे हैं, ताकि योग्य विद्यार्थियों को राहत मिल सके। इसके साथ ही आप स्कूली और विश्वविद्यालय स्तर पर नीति के क्रियान्वयन की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

निष्कर्षतः, आपका व्यक्तित्व एक ऐसे शिक्षक, शोधकर्ता, प्रशासक और समाजसेवी का प्रतिरूप है जो ज्ञान, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक हैं। आपका जीवन अनुशासन, सेवा और शिक्षा के मूल्यों का अनूपम उदाहरण है। आपका हमारे बीच होना हम सभी के लिए एक प्रेरणा है।

# राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़

## एक परिचय

मान्यवर मुख्य अतिथि महोदय,

हरियाणा के दक्षिणी अंचल में उच्चतर शिक्षा के विस्तार एवं विकास के लिए इस शिक्षण संस्था की स्थापना कानौंड शिक्षा समिति महेन्द्रगढ़, समाज सेवियों व प्रबुद्ध शिक्षा प्रेमियों के सहयोग से 1966 में महेन्द्रगढ डिग्री कालेज, महेन्द्रगढ़ के नाम से की गई। 14 जुलाई, 1971 को हरियाणा सरकार ने संस्था का अधिग्रहण कर लिया। तब से यह शिक्षण संस्था राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ के नाम से विख्यात है। महाविद्यालय परिसर नगर के कोलाहल से दूर प्रकृति की गोद में लगभग 25 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए सभी सुविधाओं से सम्पन्न इस महाविद्यालय में कला, वाणिज्य तथा विज्ञान संकाय में लगभग 2190 विद्यार्थी स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। महाविद्यालय परिसर में इस समय 56 कमरे, दो बड़े हाल, एक ऑडिटोरियम भवन, 14 प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय एवं वाचनालय, खेल मैदान, विस्तृत खुला रंगमंच, स्टाफ पार्किंग शैड उपलब्ध हैं।

इस महाविद्यालय परिवार में कुल 63 सदस्य हैं। प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) पूर्ण प्रभा के अतिरिक्त 3 प्रोफेसर, 3 एसोसिएट प्रोफेसर, 8 सहायक प्रोफेसर, 1 अनुबंध प्राध्यापक, 16 एक्सटेंशन लेक्चर्र, 1 उपाधीक्षक, 1 स्टैनो टाईपिस्ट, 3 लिपिक, 2 कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर, 1 कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट, 1 इंगलिश लैंगवैज लैब इंस्ट्रक्टर, 3 कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, 1 जूनियर लाईब्रेरियन, 1 रेस्टोर्र, 3 प्रयोगशाला सहायक, 2 पुस्तकालय सहायक और 13 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं।

महाविद्यालय परिसर ने सौन्दर्यकरण के लिए अनेक पेड़–पौधे, पुष्प–वाटिका को भी अपना सहभागी बनाया है। हमारा लक्ष्य इस सरस्वती आराधना केन्द्र के माध्यम से यहां के विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा एवं उच्च आदर्शों को सिखाना ताकि वे एक अनुशासन प्रिय, राष्ट्र हितैषी और उत्तरदायी नागरिक बनें तथा अपने अभिभावकों, गुरूजनों व राष्ट्र का गौरव बढाएँ। महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों का क्रमवार विवरण इस प्रकार है :–

## प्राचार्य एवं प्राध्यापक–वृन्द की उपलब्धियाँ

मान्यवर महोदय, महाविद्यालय के प्राध्यापक न केवल शिक्षण कार्य के प्रति समर्पित हैं बल्कि स्वाध्याय, शोध कार्य एवं अन्य गतिविधियों में रूचि रखते हैं।

- प्रोफेसर (डॉ.) लक्ष्मी नारायण ने दिनांक 31 जनवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय, खरकड़ा (रेवाड़ी) द्वारा 'Global Horizons: Advancing NEP 2020, International Higher Studies, Entrepreneurship, and Mental Resilience' विषय पर हाइब्रिड मोड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के ऑनलाइन तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की। इसी क्रम में, उन्होंने 21 फरवरी 2025 को राजकीय महिला महाविद्यालय, पाली (रेवाड़ी) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "The Economic Dimensions of Folk Theatre in India: A

Cultural and Socioeconomic Perspective" विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा 22 फरवरी 2025 को उसी संगोष्ठी के एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता भी की। इस अकादमिक योगदान के साथ–साथ, वे इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर की एग्जीक्यूटिव काउंसिल एवं यूनिवर्सिटी कोर्ट के सदस्य के रूप में महाविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करते हुए सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उन्हें उच्चतर शिक्षा निदेशालय, पंचकूला द्वारा प्रोफेसर पद पर पदोन्नति भी प्राप्त हुई।

- कैप्टन प्रो. डॉ. शमशेर सिंह को गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर उपमंडल महेंद्रगढ़ की ओर से विशिष्ट प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार तीन प्रमुख पदों – यूनिवर्सिटी कोर्ट सदस्य, शैक्षणिक परिषद सदस्य एवं कार्यकारी परिषद सदस्य – पर जीत दर्ज कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। उन्हें उच्चतर शिक्षा निदेशालय, पंचकूला द्वारा प्रोफेसर पद पर पदोन्नति भी प्राप्त हुई।

- डॉ. सोमवीर सिवाच को प्रोफेसर पद पर पदोन्नत किया गया है, जो उनके शैक्षणिक योगदान, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक है। वर्ष 2024 में वे इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय द्वारा हिमाचल प्रदेश के जिस्पा में आयोजित साहसिक शिविर के इंचार्ज रहे, जहाँ उन्होंने प्रभावशाली संचालन कर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को बढ़ाया। वे राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक के रूप में सामाजिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही, वे महाविद्यालय के ग्रिवेंस रिड्रेसल प्रकोष्ठ के नोडल ऑफिसर के रूप में विद्यार्थियों की समस्याओं का पारदर्शी एवं सकारात्मक समाधान सुनिश्चित करने में भी सक्रिय हैं।

- श्री विजय यादव, भौतिकी विभाग द्वारा 18 सितम्बर 2024 को राजकीय महिला महाविद्यालय, उन्हानी में ''भौतिकी विषय में रोजगार की संभावनाएं'' विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया।

- डॉ. नीतू शर्मा ने केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेंद्रगढ़ से 13 जनवरी से 18 जनवरी 2025 तक शॉर्ट टर्म कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

- डॉ. पविता यादव, हिंदी विभाग ने केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेंद्रगढ़ से 13 जनवरी से 18 जनवरी 2025 तक 'क्वानटेटिव रिसर्च मेथोडोलॉजी' पर शॉर्ट टर्म कोर्स किया तथा 30 जनवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय सतनाली में महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. पविता यादव को YRC का District Best Counsellor का अवार्ड मिला। तदोपरान्त राज्य स्तरीय कैम्प का इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर (रेवाड़ी) की तरफ से नेतृत्व किया। डॉ. पविता यादव ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर (रेवाड़ी) की तरफ से राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय एडवेन्चर कैम्प मनाली में भी नेतृत्व किया।

- श्री विकास, सहायक प्रोफेसर, भूगोल विभाग ने दिनांक 20 अगस्त से 2 सितंबर 2024 तक भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी' विषय पर दो सप्ताहीय ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स में सहभागिता की। दिनांक

25 नवंबर से 15 दिसंबर 2024 तक केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा में आयोजित 'भौगोलिक सूचना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी' (लीव–I स्टैंडर्ड कार्यक्रम) विषयक 'विंटर स्कूल' में भाग लिया। दिनांक 13 सितंबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय बौंद कलां, चरखी दादरी में 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन में भारत की पहल एवं ओज़ोन परत संरक्षण' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया।

➢ डॉ. परमीत कुमारी, सहायक प्रोफेसर, गणित विभाग ने 15 फरवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय नारनौल में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में "Development Status and Directions in Mathematics Education" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत कर अकादमिक क्षेत्र में योगदान दिया।

➢ डॉ. अनीता यादव, हिंदी विभाग ने 21 से 23 अक्टूबर 2024 तक समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी सहभागिता की, जो नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डिफेंस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित था।

➢ श्रीमती पूजा रानी, वाणिज्य विभाग ने 20 से 29 जनवरी 2025 तक हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेन्द्रगढ़ में आयोजित 18वें NEP–2020 ओरिएंटेशन एवं सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम में भाग लिया। उन्हें 'एशियन जर्नल ऑफ इकोनॉमिक्स, बिजनेस एंड अकाउंटिंग' तथा ''एशियन जर्नल ऑफ एजुकेशन एंड सोशल स्टडीज'' में शोध पत्रों की समीक्षा हेतु उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 6 फरवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय नारनौल में आयोजित 'जैविक और रासायनिक विज्ञान' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में सतत भविष्य से संबंधित शोध पत्र प्रस्तुत किया।

# शैक्षणिक उपलब्धियाँ

महाविद्यालय की अकादमिक श्रेष्ठता का प्रत्यक्ष प्रतिबिंब उसके विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में परिलक्षित होता है। यह परिणाम न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण होते हैं, बल्कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्था के शैक्षणिक परिवेश की गुणवत्ता को भी उजागर करते हैं। इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो हमारा महाविद्यालय सदैव उत्कृष्टता की परंपरा का निर्वहन करता आ रहा है। विगत वर्षों की भांति इस शैक्षणिक वर्ष में भी हमारे विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में अनुकरणीय प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय की गरिमा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि हमारे महाविद्यालय के तीन होनहार छात्र –– महेश सोनी (एम.ए. हिन्दी), उर्मिला (एम.ए. हिन्दी) तथा शिया (बीसीए) ने अपनी योग्यता, परिश्रम एवं उत्कृष्ट परिणामों के बल पर विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का प्रतिफल है, अपितु यह महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का भी सशक्त प्रमाण है। इस सफलता ने न केवल महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा प्रदान की है कि सतत प्रयास और दृढ़ संकल्प के साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# प्रकोष्ठ, क्लब एवं विषय समितियाँ

महाविद्यालय में विभिन्न प्रकोष्ठ, क्लब एवं विषय समितियाँ सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जो समय–समय पर शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देती हैं। इन क्लबों एवं समितियों में एनवायर्नमेंटल क्लब, एकेडमिक राइटिंग सोसाइटी, रेड रिबन क्लब, लिटरेरी सोसाइटी, फाइन आर्ट्स क्लब, योगा क्लब, जेंडर स्टडीज सोसाइटी, स्पोर्ट्स क्लब, मीडिया क्लब, लीगल लिटरेसी क्लब, एनएसएस एवं इको क्लब शामिल हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में विभिन्न विषय समितियाँ जैसे अर्थशास्त्र, वाणिज्य, भौतिक विज्ञान, जीव–विज्ञान, भाषाएं, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर साइंस तथा गणित की समितियाँ भी विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि जागृत करने एवं उनके कौशल को निखारने हेतु निरंतर क्रियाशील हैं। सत्र 2024–25 के दौरान निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया :–

- ललित कला क्लब द्वारा दिनांक 6 एवं 7 सितम्बर 2024 को 'आर्ट्स एंड क्राफ्ट' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।
- भौतिक विज्ञान समिति द्वारा 17 सितम्बर 2024 को 'विज्ञान में कैरियर के अवसर' विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. मारुत सैनी (पूर्व वैज्ञानिक, BARC मुंबई) ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।
- गणित समिति द्वारा 11 सितम्बर 2024 को "Use of Maxima in Mathematics" विषय पर तथा 9 अप्रैल 2025 को "Code and Compute : Leveraging C for Numerical Problem Solving" विषय पर दो विस्तृत व्याख्यानों का आयोजन किया गया।
- जीव विज्ञान विभाग द्वारा 4 मार्च 2025 को बायोटेक्नोलॉजी पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के प्रो. डॉ. नितेश एवं प्रो. डॉ. हुमा ने विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया।
- विज्ञान क्लब (Science Society) द्वारा 28 फरवरी 2025 को 'नेशनल साइंस डे' पर महान वैज्ञानिक सी.वी. रमन की स्मृति में विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक श्री कंवर सिंह यादव उपस्थित रहे।
- चाणक्य अर्थशास्त्र समिति के तत्वावधान में 19 नवम्बर 2024 को 'मिलते हैं केन्ज और मार्क्स से' विषय पर विशेष चर्चा सत्र तथा 5 मार्च 2025 को 'हरित अर्थव्यवस्था' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कर विद्यार्थियों को चिंतनशील और सृजनात्मक अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान किए गए।
- हिंदी विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024–25 के दौरान 5 सितंबर 2024 को शिक्षक दिवस, 14 सितंबर 2024 को हिंदी दिवस और 15 जनवरी 2025 को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- जेंडर स्टडीज समिति ने 30 सितंबर 2024 को लैंगिक समानता पर व्याख्यान, 21 नवंबर 2024 को बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम, 9 दिसंबर 2024 को शपथ ग्रहण और 4 जनवरी 2025 को लिंगानुपात पर विशेष व्याख्यान आयोजित कर विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा दिया।
- एंटी ड्रग प्रकोष्ठ द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत 14 सितंबर 2024 को स्लोगन राइटिंग, 18 सितंबर 2024 को सेमिनार, 19 नवंबर 2024 को नुक्कड़ नाटक, 19 दिसंबर 2024 को रैली, 14 फरवरी 2025 को मानव श्रृंखला और 19 मार्च 2025 को रैली का आयोजन कर नशा विरोधी संदेश फैलाया गया।
- एनवायरनमेंट एंड इको क्लब ने 23 अप्रैल 2024 को डॉ. अनुप कुमार द्वारा व्याख्यान, 13 सितंबर 2024 को ओजोन दिवस और 22 अप्रैल 2025 को पृथ्वी दिवस मनाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न की।
- वाणिज्य समिति द्वारा 5 मार्च 2025 को निबंध लेखन प्रतियोगिता और 8 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# रेड क्रॉस और रेड रिबन क्लब

महाविद्यालय में रेड क्रॉस प्रकोष्ठ और रेड रिबन क्लब डॉ. पविता यादव के मार्गदर्शन में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इन प्रकोष्ठों के माध्यम से विद्यार्थियों को सहयोग, सुरक्षा, मित्रता, समाज सेवा और सामुदायिक भागीदारी का महत्व सिखाया जाता है। रेड क्रॉस प्रकोष्ठ द्वारा रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जबकि रेड रिबन क्लब एड्स जागरूकता, स्वास्थ्य शिक्षा और सामुदायिक सेवा से जुड़ी गतिविधियाँ संचालित करता है। इन प्रयासों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास हो रहा है। वर्षभर के दौरान की गई गतिविधियों का विवरण निम्नप्रकार से है :–

- 12.08.2024 – एचआईवी/एड्स पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन।
- 14.08.2024 – फैशन शो के माध्यम से एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता।
- 16.08.2024 – वृक्ष सजावट गतिविधि के द्वारा एचआईवी/एड्स एवं पर्यावरण संरक्षण पर संदेश।
- 20.08.2024 – स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन।
- 02.09.2024 – नशा मुक्ति पर विस्तृत व्याख्यान।
- 23.11.2024 – नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों पर जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।
- 20.01.2025 – एचआईवी/एड्स निवारण पर विस्तृत व्याख्यान।
- 24.01.2025 – सिग्नेचर अभियान द्वारा जागरूकता।

- 25.01.2025 – पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताएँ।
- 03 से 07.02.2025 – डिस्ट्रिक्ट लेवल YRC कैंप में 8 विद्यार्थियों की भागीदारी।
- 24.02.2025 – भाषण, निबंध, स्लोगन, पेंटिंग, कविता, पोस्टर, प्रश्नोत्तरी एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताएँ – कुल रुपये 6000/– नकद पुरस्कार वितरित।
- 11.04.2025 – विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता – कुल रुपये 6000 का नकद पुरस्कार।

## अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला

हरियाणा सरकार द्वारा वर्तमान और आने वाले परिदृश्य में छात्रों के लाभ के लिए 2010 में राजकीय महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ में अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला की स्थापना की गई थी। अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला नामांकित छात्रों को खुद को तैयार करने में मदद करती है। छात्र अंग्रेजी भाषा के अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए मजेदार गतिविधियों और वीडियो का उपयोग कर सकते हैं। आम तौर पर, इसमें कंप्यूटर इंटरएक्टिव पैनल, विजुअल प्रेजेंटर और हेडफ़ोन जैसी ऑडियो–विजुअल मदद शामिल होती है। एक आदर्श स्थिति में, छात्र बोलने, सुनने, पढ़ने और लिखने का अभ्यास करते हैं। सत्र 2024–25 में, 175 छात्रों ने सॉफ्ट स्किल्स में प्रशिक्षण लिया है ताकि वे समाज में खुद को समायोजित कर सकें। अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला डॉ. अशोक कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी की देख–रेख में डॉ. ईश्वर यादव द्वारा सुचारू रूप से चलाई जा रही हैं।

## महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ

राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ का महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ महाविद्यालय की छात्राओं को एक सुरक्षित, सम्मानजनक एवं संवेदनशील शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए संकल्पित है। यह प्रकोष्ठ न केवल छात्राओं को उनके संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास और सशक्तिकरण की दिशा में भी निरंतर कार्यरत है।

प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ. पविता यादव एवं अन्य समर्पित सदस्यों के मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहयोग से वर्षभर कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, एवं समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना रहा है।

महिला प्रकोष्ठ द्वारा वर्षभर आयोजित की गई गतिविधियाँ शैक्षणिक, सामाजिक, स्वास्थ्य संबंधी एवं सांस्कृतिक विषयों को समाहित करती हैं, जिनका विवरण निम्नप्रकार से है :–

- 29.08.2024 – महिला सशक्तिकरण पर एक विस्तृत व्याख्यान आयोजित किया गया।
- 20.09.2024 – राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को अलबेंडाजोल की गोलियाँ वितरित की गईं।

- 30.09.2024 – लैंगिक समानता और नारीवाद पर वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें समाज में महिलाओं की भूमिका पर गहन मंथन किया गया।
- 07.10.2024 – महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- 19.10.2024 – करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 21.11.2024 – बाल विवाह और घरेलू हिंसा के प्रति जागरूकता हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 09.12.2024 – बाल विवाह रोकथाम हेतु विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई गई।
- 04.01.2025 – लिंगानुपात और समाज पर इसके प्रभाव के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 09–10 जनवरी 2025 – भाषण, कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, निबंध लेखन, स्लोगन राइटिंग, वाद–विवाद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों को कुल ₹8000 का नकद पुरस्कार वितरित किया गया।
- 22.01.2025 – डॉ. कृतिका द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता पर व्याख्यान, जिसमें मानसिक व शारीरिक बीमारियों पर प्रकाश डाला गया।
- 23.01.2025 – एडवोकेट अजनेश यादव ने दहेज प्रथा, विवाह अधिकार, संपत्ति अधिकार, यौन उत्पीड़न और कन्या भ्रुण हत्या से सम्बन्धित कानूनी पहलुओं को अंकित करते हुए व्याख्यान दिया।
- 13.01.2025 – एक और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अलबेंडाजोल की गोलियाँ दी गईं।
- 08.03.2025 – अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्ष और उल्लास से मनाया गया।
- 19.04.2025 – अक्षय तृतीया जैसे पर्व पर बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह प्रकोष्ठ भविष्य में भी इसी दृढ़ संकल्प और उत्साह के साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

## खेल–कूद

महाविद्यालय के विद्यार्थी खेल–कूद के क्षेत्र में भी पीछे नहीं हैं। पूरे सत्र के दौरान महाविद्यालय में क्रिकेट, वॉलीबाल, कबड्डी, एथलेटिक्स एवं वेट–लिफ्टिंग एवं पावर–लिफ्टिंग आदि खेलों की व्यवस्था है। महाविद्यालय की 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 7 फरवरी 2025 को धूमधाम से किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री संजय जोशी जी, सेवानिवृत प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ ने किया व प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण व समापन समारोह मेजर एम.आर. लाम्बा, सेवानिवृत प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ ने किया। प्रतियोगिता में बेस्ट एथलीट

पुरुष के रूप में हिमांशु सैनी को और महिला बेस्ट एथलीट के रूप में मेघा को चुना गया। महाविद्यालय के शारीरिक एवं खेलकूद गतिविधियों का समस्त श्रेय प्रोफेसर शमशेर सिंह प्राध्यापक इतिहास को जाता है।

# पुस्तकालय

शिक्षण संस्थान का मेरुदण्ड उसका पुस्तकालय होता है, इस युग में पुस्तकालय में रखी श्रेष्ठ एवं नवीन पुस्तक युवा पीढ़ी को नई दिशा दिखाने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभा सकती है। राजकीय महाविद्यालय में 41118 पुस्तकों का संग्रह है। पुस्तकालय को कॉलेज के ज्ञान के भंडार के रूप में स्थापित किया गया है। कॉलेज पुस्ताकलय को पूर्ण रूप से SOUL 3.0 सॉफ़्टवेयर से कंप्यूटरकृत किया गया हैं। विद्यार्थीयों की जरुरतों को मध्य नजर रखते हुए अच्छे समाचार पत्र–पत्रिकाएं और संपूर्ण सामग्री की व्यवस्था की गई है। पुस्तकालय के वाचनालय में राष्ट्रीय और राज्य स्तर की 18 पत्रिकाएं और समाचार पत्र नियमित रूप से मंगवाए जा रहे हैं। राजकीय महाविद्यालय में 50 कम्प्यूटर से सुशोभित E-Resource की सुविधा भी है। महाविद्यालय ऑन–लाईन संसाधनों के लिए N-List की सदस्यता ले रखी है जिसमें 6150 से अधिक Journals तथा 199536 ई–पुस्तक शामिल है। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय में तीन Journals की सदस्यता ले रखी है। पुस्तकालय नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी और ई–ग्रंथालय की सदस्यता ले रखी है जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपना अध्ययन वीडियो कक्षा के द्वारा कर सकते हैं। छात्रों के लिए वाचनालय सुव्यवस्थित तरीके से सुसज्जित किया गया है। डॉ. रेनू यादव, एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी बतौर पुस्तकालय प्रभारी के दिशा–निर्देशन में श्री चंद्रकांत शर्मा, कनिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष, श्रीमती सुमन बाला, रेस्टोर्र, श्री राकेश कुमार और श्री सुनील कुमार, पुस्तकालय सहायक द्वारा पुस्तकालय का कार्य सुचारु रूप से चलाया जा रहा है।

## Earn While You Learn

Earn While You Learn Scheme के अन्तर्गत सत्र 2024–25 में इस महाविद्यालय में 18 विद्यार्थियों ने कार्य कर इस योजना का लाभ प्राप्त किया जिन्हें प्रतिदिन एक घण्टे कार्य के बदले 100/– रूपये बतौर मेहनताना भुगतान किया जाता है। सत्र 2024–25 के दौरान इस योजना के तहत 67000/– रूपये की राशि खर्च की गई हैं।

# विधिक चेतना प्रकोष्ठ

शैक्षणिक, सॉंस्कृतिक एवं खेलकूद से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वागीण विकास करवाने में महाविद्यालय परिवार कोई कसर नहीं छोड़ता। साथ–साथ विद्यार्थियों को सजग नागरिक बनाने के लिए महाविद्यालय में डॉ. अशोक कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी की देखरेख में एक विधिक चेतना प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ बार–कौंसिल, महेन्द्रगढ़ से विद्वान अधिवक्ताओ को आमन्त्रित कर विधिक व्याखानों का आयोजन करवाता रहता है। इस तरह के आयोजनो से विद्यार्थियों को घरेलू हिंसा, भूमि अधिग्रहण, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, नशा मुक्ति आदि विषयों

से जुडे विभिन्न कानूनी पहलुओ से अवगत कराया जाता है। इस तरह के शिविरो के आयोजन से विद्यार्थीगण न केवल अपने संवैधानिक अधिकारों को समझ पाते है बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में पीडित, असहाय व निर्धन व्यक्तियों को निशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने में मदद करते है। महाविद्यालय में इस कार्य को और भी सुचारू से क्रियान्वित करने हेतु एक Legal Literacy Club की भी स्थापना की गई है जिसमें प्राध्यापक व विद्यार्थी शामिल है। इस प्रकोष्ठ के द्वारा वर्ष भर के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रमों का विवरण इस प्रकार है :–

- दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को एक Inter College Essay Writing का आयोजन किया गया।
- दिनांक 6 नंवबर 2024 को महाविद्यालय में Declamation Contest, Poetic Recitation and On The Spot Painting Competition का आयोजन किया गया।
- दिनांक 9 नवंबर 2024 को महाविद्यालय में National Legal Literacy Day मनाया गया जिसमें श्रीमती रेखा यादव एडवोकेट मुख्य वक्ता रही।

## एन.सी.सी. (राष्ट्रीय कैडेट्स कोर)

महाविद्यालय में छात्रों को सैनिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 16 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. नारनौल से सम्बद्ध एन.सी.सी. की कंपनी कैप्टन प्रोफेसर डॉ. शमशेर सिंह प्राध्यापक इतिहास विभाग के निर्देशन में कार्य कर रही है। इस प्लाटून में 124 कैडेट्स पंजीकृत हैं। कैप्टन प्रोफेसर डॉ. शमशेर सिंह के निर्देशन में पूरे वर्ष इनका सैनिक अभ्यास जारी रहता है। वर्ष 2024 में दूसरे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 सितंबर से 29 सितंबर 2024 तक सिंघानी (भिवानी) में किया गया जिसमें हमारे 33 कैडेट्स ने भाग लिया। इसी साल हिमाचल ट्रैकिंग–3 तक कैंप में हमारे 02 कैडेट्स ने भाग लिया तथा आर्मी अटैचमेंट कैंप अबोहर में भी हमारे 02 कैडेट्स ने भाग लिया।

हमारे कैडेट्स प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस परेड में मार्च पास्ट में भाग लेते रहे हैं। हमारे कॉलेज के एन.सी.सी. ऑफिसर कैप्टन प्रोफेसर डॉ. शमशेर सिंह का चयन भी आर्मी अटैचमेंट कैंप अबोहर में और वार्षिक प्रशिक्षण शिविरों में अपने कैडेट्स का प्रशिक्षण करवाने के लिए किया गया। वर्ष 2025 में गणतंत्र दिवस परेड के मौके पर हमारे कॉलेज के एन.सी.सी. ऑफिसर कैप्टन प्रोफेसर डॉ. शमशेर सिंह को उपमंडल स्तर पर एन.सी.सी. के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया जो की महाविद्यालय के लिए एक गौरव की बात है। वर्ष 2025 में हमारे एन.सी.सी. C परीक्षा में 8 कैडेट्स ने 'ए' ग्रेड प्राप्त किया व परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इन सभी उपलब्धियां के लिए प्रभारी कैप्टन प्रोफेसर डॉ. शमशेर सिंह व सभी कैडेट्स बधाई के पात्र हैं।

# एन.एस.एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना)

युवा शक्ति को सकारात्मक मोड़ देते हुए समाज सेवा के लिए क्रियाशील करना ही राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य लक्ष्य है। हमारे महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाईयां डॉ. सोमवीर सिवाच, डॉ. अशोक कुमार तथा डॉ. पविता यादव के कुशल निर्देशन में कार्यरत है। वर्षभर के दौरान एनएसएस की गतिविधियों का ब्यौरा निम्नप्रकार से है :–

- दिनांक 12 अगस्त, 2024 को स्वंय सेवको ने तिरंगा यात्रा निकाली तथा 15 अगस्त को परेड में शामिल हुए।
- दिनांक 22 अगस्त, 2024 को महाविद्यालय में आयोजित 'पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम' को सफल बनाने मे स्वयं सेवको की महती भागीदारी रही।
- दिनांक 2 सितंबर, 2024 को कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में नशा मुक्ति अभियान में स्वयंसेवकों ने बढ–चढकर भाग लिया।
- दिनांक 24 सिंतबर, 2024 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया तथा महाविद्यालय में 250 पौधे लगवाये गए। इसके साथ ही स्वंय सेवक सोनू को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय द्वारा उत्कृष्ट कार्यो के लिए पुरस्कृत किया गया।
- राजकीय महिला महाविद्यालय, नारनौल में आयोजित विश्वविद्यालय स्तर के सात दिवसीय शिविर 21 जनवरी से 27 जनवरी, 2025 में हमारे महाविद्यालय के पाँच स्वंयसेवको ने भाग लिया।
- दिनांक 23 जनवरी, 2025 को नेताजी सुभाष जयंती के अवसर पर स्टाफ अनुदान से 25 पौधे लगाए गए।
- दिनांक 11 फरवरी, 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- दिनांक 22 फरवरी, 2025 को अनहदनाद शक्ति फाउंडेशन की तरफ से बहन शैलजा ने एक दिवसीय शिविर में आकर आर्य समाज के नियमो पर स्वंय सेवको के साथ विचार साँझा किए। इसके साथ ही 23 फरवरी, 2025 को पुनः एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया तथा उन्हें खेल परिसर में होने वाले महायज्ञ मे शामिल किया गया जिसमें 1100 हवनकुंडो में यज्ञ सामग्री वितरित करने में तथा व्यवस्था बनाने में स्वंय सेवको का महत्वपूर्ण योगदान रहा।
- दिनांक 12 मार्च, 2025 को एसडीएम महेंद्रगढ के निर्देशन में खेल स्टेडियम की सफाई में स्वंय सेवको ने अपना योगदान दिया तथा 'पॉलिथीन मुक्त शहर' अभियान में भाग लिया।
- दिनांक 17 मार्च से 23 मार्च 2025, तक सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर लगाया गया। जिसमें स्वंय सेवको ने बढ–चढकर हिस्सा लिया तथा सामाजिक

जागरूकता फैलाने में अपना योगदान दिया। इस दौरान स्वयंसेवकों को ऐतिहासिक पर्यटन केन्द्र माधोगढ़ के किले का भ्रमण करवाया गया।

○ दिनांक 28 मार्च, 2025 को महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

# विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता

शैक्षणिक सत्र 2023–24 के दौरान महाविद्यालय के आर्थिक रूप से कमजोर, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति वर्ग के विद्यार्थियों को हरियाणा सरकार द्वारा प्राप्त अनुदान राशि में से कुल रुपये 44,41,000/– (चवालीस लाख इकतालीस हजार रुपए) की सहायता राशि वितरित की गई। इस वितरित राशि का विवरण निम्नलिखित है :–

○ Consolidated Stipend Scheme के अंतर्गत 305 अनुसूचित जाति के छात्रों को कुल रुपये 42,70,000/– की राशि प्रदान की गई।

○ पिछड़ी जाति के छात्रों को Post Matric Scholarship Scheme के अंतर्गत 21 छात्रों को कुल रुपये 1,68,000/– की राशि प्रदान की गई।

○ हरियाणा राज्य मेरिट छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 1 स्नातक छात्रा को रुपये 3,000/– की राशि प्रदान की गई।

यह वित्तीय सहायता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु एक सशक्त कदम है।

उपरोक्त योजनाओं के प्रभारी डॉ. जितेन्द्र सिंह, सहायक प्रोफेसर वाणिज्य एवं श्री सोमबीर, लिपिक सफल क्रियान्वन के लिये बधाई के पात्र हैं।

# विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

महाविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, अपितु विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार की भावना का विकास करना भी है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु महाविद्यालय में समय–समय पर विज्ञान एवं भूगोल विभाग की देखरेख में विद्यार्थियों को राज्य एवं जिला स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनियों में भाग लेने के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

दिनांक 31 जनवरी 2025 को महाविद्यालय परिसर में विज्ञान एवं भूगोल विषय की वार्षिक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के 42 विद्यार्थियों ने कुल 21 वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए, जिनके माध्यम से उन्होंने अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा नवाचार का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, भूगोल एवं कंप्यूटर साइंस विषयों से संबंधित प्रयोगात्मक मॉडल प्रदर्शित किए गए। महाविद्यालय के लिए यह गर्व की बात रही कि 11 फरवरी 2025 को राजकीय महिला महाविद्यालय, रेवाड़ी में आयोजित अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में भूगोल विभाग के दो विद्यार्थियों निशा और प्रिया ने भूगोल विषय में उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से न केवल

प्रतिभागियों ने अपनी योग्यता का प्रमाण दिया, अपितु महाविद्यालय को भी गौरवान्वित किया।

इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों की वैज्ञानिक जानकारी और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाने हेतु महाविद्यालय में समय–समय पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाता रहा है, जिससे उनकी सैद्धांतिक समझ तथा तर्कशक्ति में वृद्धि हो सके।

## सॉंस्कृतिक गतिविधियॉं

महाविद्यालय के विद्यार्थी सॉंस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहते हैं।

- दिनांक 15-16 अक्टूबर, 2024 को महाविद्यालय में प्रतिभाखोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य, काव्यपाठ, भाषण, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग आदि विद्याओ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- दिनांक 14-16 नंवबर, 2024 को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाडी में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव में महाविद्यालय के 23 विद्यार्थियों ने 22 विधाओं में भाग लिया। जिसमें विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान, रंगोली में द्वितीय स्थान, हरियाणवी समूह गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 21 जनवरी, 2025 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में रंगोली तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 4-5 फरवरी, 2025 को महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, गजल, भजन, काव्यपाठ आदि में बढ़–चढ़कर भाग लिया।

## रोजगार परामर्श–प्रकोष्ठ

जीवन के सभी क्षेत्रों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण उचित निर्देशन के अभाव में विकास करना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। इसी उद्‌देश्य की पूर्ति के लिए महाविद्यालय में कैरियर गाइडेन्स ब्यूरो स्थापित किया गया है। डॉ. परमीत कुमारी, सहायक प्रोफेसर गणित इसकी प्रभारी हैं। यहाँ रोजगार समाचार–पत्र, दैनिक समाचार–पत्रों तथा पत्रिकाओं में विज्ञापित विविध क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान की जाती है तथा उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाता है। प्रकोष्ठ द्वारा सत्र 2024–25 के दौरान निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- दिनांक 24 सितम्बर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ में विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया।

- दिनांक 14 अक्टूबर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ में ICICI बैंक में Relationship Manager के पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया।
- दिनांक 20 जनवरी, 2025 को महाविद्यालय में कानून क्षेत्र में करियर के अवसर पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया तथा 22 जनवरी, 2025 को मेडिकल क्षेत्र में कैरियर के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 27 जनवरी, 2025 को Communication Skill Personality Development तथा Carrer Opportunities in Commerce विषय पर दो व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- सत्र 2024 2025 के दौरान 14549/– रूपये की पुस्तकें प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार परामर्श देने हेतु खरीदी गई।

# राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की स्थिति

राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ द्वारा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) के तृतीय चक्र के अंतर्गत समस्त वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट्स (AQARs) का सफलतापूर्वक संकलन, परीक्षण एवं पोर्टल पर समयबद्ध समर्पित किया जा चुका है। यह कार्य महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के सशक्त नेतृत्व में, समस्त विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों एवं प्रशासनिक सहयोगियों के समन्वित प्रयासों द्वारा पूर्ण किया गया। AQARs में शैक्षणिक उत्कृष्टता, सह–पाठ्यक्रम गतिविधियाँ, अनुसंधान, नवाचार, बुनियादी ढांचे का उन्नयन, छात्र कल्याण, तथा प्रशासनिक पारदर्शिता आदि समस्त मानकों को समाहित करते हुए विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई है।

महाविद्यालय की निरंतर गुणवत्ता उन्नयन की प्रतिबद्धता एवं उच्चतर शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के उद्देश्य से यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह प्रक्रिया न केवल संस्थान की प्रगति को दस्तावेजीकृत करती है, बल्कि भावी रणनीतियों के लिए एक सुदृढ़ आधार भी प्रदान करती है।

## SMART CLASSROOMS

राजकीय महाविद्यालय में शिक्षण प्रक्रिया को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कुल 8 स्मार्ट कक्षाओं (Smart Classrooms) की स्थापना की गई है। यह एक सराहनीय प्रयास है, जो महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। जिसमें प्रत्येक कक्षा में इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड, एलईडी प्रोजेक्टर, साउंड सिस्टम एवं वाई–फाई इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई गई है। छात्र अब ऑडियो–विजुअल सामग्री, प्रस्तुतियाँ, शैक्षणिक वीडियो आदि के माध्यम से विषय सामग्री को अधिक रुचिकर एवं व्यवहारिक रूप से समझ पा रहे हैं। शिक्षण के साथ–साथ विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान भी प्राप्त हो रहा है, जो उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं और आधुनिक युग की आवश्यकताओं के लिए तैयार कर रहा है।

# भवन निर्माण

राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ को वर्ष 2018 में RUSA-I (Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan) परियोजना के अंतर्गत ₹70 लाख की राशि को महाविद्यालय में नए प्रशासनिक भवन के निर्माण हेतु आवंटित किया गया। जनवरी 2019 में प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु अनुमानित लागत के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया। विभागीय अनुमति प्राप्त होने के पश्चात ₹70 लाख की राशि लोक निर्माण विभाग, नारनौल को स्थानांतरित की गई, ताकि भवन निर्माण की प्रक्रिया आरंभ की जा सके। वर्तमान समय में प्रशासनिक भवन निर्माणाधीन है। अब तक लेंटर डालने तक का कार्य पूर्ण हो चुका है।

## आभार अभिव्यक्ति

मैं आभार व्यक्त करने की इस पुण्य प्रक्रिया में सर्वप्रथम हरियाणा के माननीय राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय जी, माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी, माननीय शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढ़ाडा जी, माननीय कंवर सिंह यादव जी, विधायक महेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा जी, चेयरमैन, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के प्रति अपनी गहन कृतज्ञता प्रकट करना अपना कर्तव्य मानती हूँ, जिनके कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में हरियाणा राज्य शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नए–नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

मैं श्री विनीत गर्ग, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार तथा श्री राहुल हुड्डा, महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा पंचकूला के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ, जिनका मार्गदर्शन एवं सहयोग हम सभी को सदैव प्राप्त होता है।

मैं माननीय कुलपति प्रो. दीप्ति धर्मानी, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर (रेवाड़ी) के प्रति विशेष कृतज्ञता प्रकट करती हूँ, जो विश्वविद्यालय संबंधी कार्यों में निरंतर हमारा मार्गदर्शन करती हैं।

मैं डॉ. विवेक भारती, उपायुक्त, जिला महेन्द्रगढ़, श्री अनिल कुमार यादव, उप–मण्डल अधिकारी (ना.), महेन्द्रगढ़ तथा जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के कृपालु सहयोग के लिए भी विनम्रतापूर्वक आभार व्यक्त करती हूँ।

मैं श्रीमती पूजा वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक, महेन्द्रगढ़ तथा जिले के अन्य पुलिस अधिकारियों की समय–समय पर प्राप्त सहायता के लिए भी कृतज्ञ हूँ।

मैं जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों, जिला अधिकारियों एवं विभिन्न विभागाध्यक्षों के सहयोग को भी हृदय से धन्यवाद देती हूँ।

मैं अपने महाविद्यालय की सभी विषय–समितियों (Subject Societies) के प्रभारीगण एवं उनकी टीमों की वर्ष भर की गतिविधियों के सफल आयोजन हेतु समर्पित योगदान के लिए आभारी हूँ।

साथ ही विभिन्न गतिविधियों के प्रभारीगण, कार्यालय स्टाफ, प्रयोगशाला कर्मचारीगण एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का भी इस क्रम में विशेष धन्यवाद करती हूँ, जिनके सतत सहयोग से ही सभी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं।

अन्त में मैं प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी नारायण, श्री विजय यादव, डॉ. बलजीत सिंह और शंकर का विशेष धन्यवाद करना अपना कर्त्तव्य समझती हूँ जिनके अथक प्रयास से इस वार्षिक प्रतिवेदन का आलेख तथा प्रकाशन समय पर हो सका।

अंततः, मैं यह दृढ़ता से मानती हूँ कि –

"युवा वर्ग ही देश का उज्ज्वल भविष्य है।"

इन युवाओं को सही दिशा देना, उनके हर कदम पर मार्गदर्शन करना एवं उनमें आत्मविश्वास एवं जागरूकता की भावना भरना हमारा परम कर्तव्य है। हम इसी उद्देश्य से कार्य करते रहेंगे और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहेंगे।

इन्हीं भावनाओं को हृदय में रखते हुए मैं अपना निवेदन आप सब के स्नेह, सहयोग और मंगल कामनाओं के साथ पूर्ण करती हूँ।

धन्यवाद।

जयहिन्द!

जय भारत!

**प्रो. (डॉ.) पूर्ण प्रभा**

महेन्द्रगढ़, 26 अप्रैल, 2025

एच.ई.एस.–।

प्राचार्य

(जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी, महेन्द्रगढ़)।




**महेश सोनी (75.54%)**
एम ए प्रथम वर्ष
विश्वविद्यालय में पांचवा स्थान



**उर्मिला (72.77%)**
एम ए प्रथम वर्ष
विश्वविद्यालय में नौंवा स्थान



**गरिमा**
महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ
के सभी कार्यक्रम में बेस्ट परफॉर्मेंस



**हंसा**
एम ए हिंदी द्वितीय वर्ष
नेट क्वालीफाई दो बार



**मीनाक्षी**
राष्ट्रीय सेवा योजना
बेस्ट वॉलिंटियर यूनिट तीन



**काजल**
एम ए अंग्रेजी 4th सेमेस्टर
वार्षिक परीक्षा में 61.3%



**गरिमा आलिया गुंजन**
एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष
वार्षिक परीक्षा में 60.76



**सिया**
बीसीए फर्स्ट सेमेस्टर
वार्षि परीक्षा में 73.33%
विश्वविद्यालय में नौंवा स्थान



**हिमांशु**
बीएससी फर्स्ट ईयर
वार्षिक परीक्षा में 69.5%



**रितु**
बीएससी फर्स्ट वाईआरसी एंड
रेड़ रिबन क्लब में बेस्ट परफॉर्मेंस



**ध्रुव शर्मा**
बीकॉम 6th सेमेस्टर
वार्षिक परीक्षा में 69.64%



**धनश्याम अग्रवाल**
बीकॉम प्रथम वर्ष
वार्षिक परीक्षा में 69.67%



**खुशीराम**
बीकॉम 4th सेमेस्टर
वार्षिक परीक्षा में 69.83%



**नितेश गोयल**
बीएसी 6th सेमेस्टर
विश्वविद्यालय में पांचवा स्थान



**नमन राव**
बीकॉम 4th सेमेस्टर
वार्षिक परीक्षा में 78%



**अनू**
बीएसी med. 4th सेमेस्टर
वार्षिक परीक्षा में 77.80%



**नेहा**
बीएसी med. 2nd & 3rd सेमेस्टर Topper
77.20% & 84.40%



**नेहा**
बीएसी med. 5th सेमेस्टर
वार्षिक परीक्षा में 81.33%



**राहुल अग्रवाल**
सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक यूनिट -1



**चिराग**
बेस्ट वॉलिंटियर ऑफ
यूनिट सेकंड



Science block




Art Block



Auditorium Hall




Information Centre

